भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2647
बुधवार, दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

मेगा सौर पार्क

2647. श्री कंवर सिंह तंवरः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के विभिन्न शहरों, विशेषकर उत्तर प्रदेश में मेगा सौर पार्कों के विकास के अंतर्गत क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं तथा क्या उपलब्धियां हासिल की गई हैं;

(ख) देश में सौर पार्कों की स्थापना के लिए स्थलों के चयन के मानदंड क्या हैं;

(ग) क्या सरकार की सौर पार्क योजना अब तक देश में, विशेषकर उत्तर प्रदेश में, बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाएं लाने में सफल रही हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) आज तक निर्धारित लक्ष्य की तुलना में राज्य-वार, विशेषकर उत्तर प्रदेश में कुल सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता कितनी है; और

(च) राज्य-वार, विशेषकर उत्तर प्रदेश में, सौर ऊर्जा की प्रति यूनिट औसत लागत कितनी है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) सरकार 40,000 मेगावाट की कुल क्षमता के सौर पार्कों की स्थापना करने के लक्ष्य से "सौर पार्कों और अल्ट्रा-मेगा सौर विद्युत परियोजनाओं का विकास" के लिए एक योजना कार्यान्वित कर रही है।

दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार, इस योजना के तहत कुल मिलाकर 39,958 मेगावाट क्षमता के 55 सौर पार्क स्वीकृत किए गए हैं। उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में स्वीकृत सौर पार्कों का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख) सौर पार्कों के लिए भूमि समान्यतः राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा चिह्नित की जाती है। यह योजना अच्छे सौर विकिरण, जल उपलब्धता वाली सरकारी अपशिष्ट/गैर-कृषि भूमि और केंद्रीय/राज्य पारेषण कंपनियों के पास की भूमि के उपयोग को प्रोत्साहित करती है।

(ग) और (घ): दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार, देश के विभिन्न सौर पार्कों में कुल मिलाकर 11,819 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएं चालू की गई हैं, जिनमें से 430 मेगावाट की परियोजनाएं उत्तर प्रदेश के विभिन्न सौर पार्कों में चालू की गई हैं।

(ङ) राज्य-वार सौर ऊर्जा उत्पादन लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए हैं। तथापि, उत्तर प्रदेश सहित देश में राज्य-वार सौर ऊर्जा स्थापित क्षमता अनुलग्नक-II में दी गई है।

(च) राज्य-वार सौर ऊर्जा की प्रति इकाई औसत लागत उपलब्ध नहीं है। हालाँकि, वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न बोलियों में प्राप्त सौर टैरिफ अधिकतर 2.5 रु. - 2.7 रु./यूनिट के बीच है।

अनुलग्नक-I

'मेगा सौर पार्क' के संबंध में पूछे गए दिनांक 11.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2647 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

विभिन्न राज्यों में स्वीकृत सौर पार्कों का ब्यौरा

| क्र.सं. | राज्य | पार्क का नाम | स्वीकृत क्षमता (मेगावाट) |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | अनंतपुरमु सौर पार्क | 1400 |
| 2. | | कुरनूल सौर पार्क | 1000 |
| 3. | | कडप्पा सौर पार्क | 1000 |
| 4. | | अनंतपुरमु-II सौर पार्क | 500 |
| 5. | | रामगिरी सौर पार्क | 300 |
| 6. | छत्तीसगढ़ | राजनंदगांव सौर पार्क | 100 |
| 7. | गुजरात | राधनेसदा सौर पार्क | 700 |
| 8. | | धोलेरा सौर पार्क | 1000 |
| 9. | | एनटीपीसी अक्षय ऊर्जा पार्क, कच्छ | 4750 |
| 10. | | जीएसईसीएल अक्षय ऊर्जा पार्क, कच्छ | 3325 |
| 11. | | जीआईपीसीएल अक्षय ऊर्जा पार्क चरण-I, कच्छ | 600 |
| 12. | | जीआईपीसीएल अक्षय ऊर्जा पार्क चरण-II, कच्छ | 1200 |
| 13. | | जीआईपीसीएल अक्षय ऊर्जा पार्क चरण-III, कच्छ | 575 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | पेखुबेला सौर पार्क, ऊना | 53 |
| 15. | झारखंड/पश्चिम बंगाल | डीवीसी फ्लोटिंग सौर पार्क चरण-I, झारखंड के धनबाद और हजारीबाग जिले तथा पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला | 755 |
| 16. | झारखंड | सेकी फ्लोटिंग सौर पार्क, रांची | 100 |
| 17. | | डीवीसी फ्लोटिंग सौर पार्क चरण-II, धनबाद | 234 |
| 18. | कर्नाटक | पावागडा सौर पार्क, तुमकुर | 2000 |
| 19. | | बीदर सौर पार्क | 500 |
| 20. | केरल | कासरगोड सौर पार्क | 105 |
| 21. | | एनएचपीसी फ्लोटिंग सौर पार्क, कोल्लम | 50 |
| 22. | | कासरगोड सौर पार्क चरण-II | 100 |
| 23. | मध्य प्रदेश | रीवा सौर पार्क | 750 |
| 24. | | मंदसौर सौर पार्क | 250 |
| 25. | | नीमच सौर पार्क | 500 |
| 26. | | आगर सौर पार्क | 550 |
| 27. | | शाजापुर सौर पार्क | 450 |
| 28. | | ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर पार्क, खंडवा | 600 |
| 29. | | बरेठी सौर पार्क, छतरपुर | 630 |
| 30. | | मुरैना पार्क | 600 |
| 31. | महाराष्ट्र | साईं गुरु सौर पार्क, धुले | 500 |
| 32. | | दोंडैचा सौर पार्क, धुले | 250 |
| 33. | | पटोदा सौर पार्क, बीड | 250 |

| क्र.सं. | राज्य | पार्क का नाम | स्वीकृत क्षमता (मेगावाट) |
|---|---|---|---|
| 34. | | एराई फ्लोटिंग सौर पार्क, चंद्रपुर | 105 |
| 35. | मिजोरम | वंकल सौर पार्क, ख्वाजॉल | 20 |
| 36. | ओडिशा | एनएचपीसी द्वारा सौर पार्क, गंजम | 40 |
| 37. | राजस्थान | भाडला-II सौर पार्क, जोधपुर | 680 |
| 38. | | भाडला-III सौर पार्क, जोधपुर | 1000 |
| 39. | | भाडला-IV सौर पार्क, जोधपुर | 500 |
| 40. | | फलोदी-पोखरण सौर पार्क, जोधपुर और जैसलमेर | 750 |
| 41. | | फतेहगढ़ फेज-1बी सौर पार्क | 421 |
| 42. | | नोख सौर पार्क, जैसलमेर | 925 |
| 43. | | पुगल सौर पार्क चरण-I, बीकानेर | 1000 |
| 44. | | पुगल सौर पार्क चरण-II, बीकानेर | 1000 |
| 45. | | आरवीयूएन सौर पार्क, बीकानेर | 2000 |
| 46. | | ट्रेडको सौर पार्क, जैसलमेर | 2000 |
| 47. | उत्तर प्रदेश | उत्तर प्रदेश में सौर पार्क | 365 |
| 48. | | जालौन सौर पार्क | 1200 |
| 49. | | मिर्जापुर सौर पार्क | 100 |
| 50. | | कलपी सौर पार्क, जालौन | 65 |
| 51. | | ललितपुर सौर पार्क | 600 |
| 52. | | झांसी सौर पार्क | 600 |
| 53. | | चित्रकूट सौर पार्क | 800 |
| 54. | | कानपुर देहात पार्क | 75 |
| 55. | | कानपुर नगर पार्क | 35 |
| कुल | | | 39958 |

अनुलग्नक-**II**

'मेगा सौर पार्क' के संबंध में पूछे गए दिनांक 11.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2647 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-**II**

सौर ऊर्जा की राज्य-वार स्थापित क्षमता (दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | स्थापित क्षमता (मेगावाट में) |
|---|---|---|
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | 4650.89 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 14.72 |
| 3. | असम | 180.77 |
| 4. | बिहार | 257.34 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 1265.78 |
| 6. | गोवा | 47.86 |
| 7. | गुजरात | 15305.26 |
| 8. | हरियाणा | 1905.19 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 137.29 |
| 10. | जम्मू एवं कश्मीर | 73.89 |
| 11. | झारखंड | 181.04 |
| 12. | कर्नाटक | 8930.10 |
| 13. | केरल | 1261.76 |
| 14. | लद्दाख | 7.80 |
| 15. | मध्य प्रदेश | 4248.69 |
| 16. | महाराष्ट्र | 8133.57 |
| 17. | मणिपुर | 13.79 |
| 18. | मेघालय | 4.28 |
| 19. | मिजोरम | 30.35 |
| 20. | नागालैंड | 3.17 |
| 21. | ओडिशा | 608.38 |
| 22. | पंजाब | 1375.79 |
| 23. | राजस्थान | 24553.13 |
| 24. | सिक्किम | 7.56 |
| 25. | तमिलनाडु | 9324.05 |
| 26. | तेलंगाना | 4842.10 |
| 27. | त्रिपुरा | 20.93 |
| 28. | उत्तर प्रदेश | 3286.98 |
| 29. | उत्तराखंड | 592.07 |
| 30. | पश्चिम बंगाल | 310.47 |
| 31. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 29.91 |
| 32. | चंडीगढ़ | 75.51 |
| 33. | दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 48.12 |
| 34. | दिल्ली | 288.39 |
| 35. | लक्षद्वीप | 4.97 |
| 36. | पुडुचेरी | 52.27 |
| 37. | नाबार्ड परियोजनाओं सहित अन्य | 45.01 |
| कुल | | **92119.18** |

*****